Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to restore the stoppages of various Trains at Railway Stations in Madha Parliamentary Constituency- Laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): जो ट्रेन कोरोना काल के पहले जहाँ जैसे रुकती एवं चलती थी अभी तक वह पुनः बहाल नहीं हो पायी है । इस क्रम में हैदराबाद - मुम्बई (17031-17032) तथा सोलापुर - पूणे दोपहर की डेमो (पैसेंजर गाड़ी) को नियमित रूप से शुरू करने के बारे में माननीय मंत्री जी से निवेदन है । हमारे लोकसभा क्षेत्र माढा के हजारों विद्याथी, कर्मचारी एवं व्यापारी हैदराबाद - मुम्बई (17031 17032) से दैनिक रूप से नियमित यात्रा करते हैं । स्कूल कालेज शुरू होने के कारण विद्यार्थियों को भी इस गाड़ी के नियमित रूप से नहीं चलने के कारण असुविधा हो रही है ।

यही नहीं इस गाड़ी का पहले केम रेल स्थानक पर हाल्ट था परन्तु अभी तक उसे पुन: चालू नहीं किया गया है । इसी प्रकार 11027-11028 मेल एक्सप्रेस गाड़ी का भी हाल्ट समाप्त कर दिया गया है । इन दोनों गाड़ी का हाल्ट बहाल किया जाए तथा दैनिक यात्रियों की सुविधा हेतु कन्याकुमारी - पूणे 16382 गाड़ी का भी यहां हाल्ट प्रदान किया जाए ।

इसी प्रकार 'जेऊर रेलवे स्टेशन', करमाळा में कोणार्क एक्सप्रेस 11019/20 व चेन्नई - मुंबई गाडी दोनों का जेऊर रेलवे स्टेशन में ठहराव बहुत ही आवश्यक है ।

मैं केंद्र सरकार से विनम्र आग्रह करता हूँ कि दैनिक यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, मजदूरों व कर्मचारियों की उपरोक्त वर्णित सभी मांगों को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें ।